C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 32 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# नए भारत की तस्वीर: नौकरी, नवाचार, और सुरक्षा के संकल्प के साथ बोले शाह – 'राजस्थान बनेगा विकास का मॉडल राज्य'

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जयपुर के निकट दादिया में आयोजित 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में शिरकत कर राजस्थान को विकास का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार की साझा रणनीति को स्पष्ट किया। इस अवसर पर उन्होंने 8000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और सहकारिता क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, अब आने वाले 100 साल सहकारिता, समृद्धि और सुरक्षा के होंगे, और राजस्थान इसमें अग्रणी भूमिका निभाएगा।

### भविष्य की बुनियाद- सहकारिता और स्वावलंबन

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्थापित सहकारिता मंत्रालय का उद्देश्य 'सहकार से समृद्धि' को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि देश के 99त्र ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता की भागीदारी है, और 8.5 लाख को-ऑपरेटिव संस्थाएं आज 31 करोड़ नागरिकों को जोड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा, राजस्थान अब सहकारिता के नए अध्याय की अगुवाई कर रहा है।





### गोपाल क्रेडिट कार्ड से ऋण वितरण, माइक्रो एटीएम से स्वावलंबन

कार्यक्रम में गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1,400 लाभार्थियों को ?12 करोड़ के ऋण प्रदान किए गए। साथ ही दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की बैंक मित्र महिलाओं को 2,346 माइक्रो एटीएम दिए गए, जिससे अब ग्रामीण महिलाएं शून्य ब्याज पर 1.5 लाख तक ऋण लेकर घरेलू उद्यम शुरू कर सकेंगी।

### रोजगार और भंडारण की नई पहल

शाह ने 24 अन्न भंडारण गोदामों और 64 मिलेट्स आउटलेट्स का भी उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि ये पहल कृषक आयवृद्धि और युवा रोजगार की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगी।




इसके अलावा 'श्वेत क्रांति 2.0' के तहत दुग्ध उत्पादक समितियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया गया।

### "पेपर माफियाओं पर सीधा प्रहार"

राजस्थान में भूतपूर्व कांग्रेस शासन की आलोचना करते हुए शाह ने कहा, पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं का भविष्य बर्बाद किया, लेकिन अब भजनलाल सरकार ने एसआईटी बनाकर माफियाओं की कमर तोड़ दी है। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि अब पारदर्शिता के साथ नौकरियां मिलेंगी।

### भामाशाह से लेकर ऊंटनी के दूध तक... नवाचार की नई राह

अपने संबोधन में शाह ने पन्नाधाय और भामाशाह जैसे ऐतिहासिक नायकों को नमन किया और कहा कि ÷राजस्थान देश की कृषि रीढ़ है।÷ उन्होंने ऊंटनी के दूध पर चल रहे अनुसंधान की बात करते हुए इसे सहकारिता के माध्यम से जैव चिकित्सा और पोषण का बड़ा स्रोत बताया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा में राजस्थान की भागीदारी

कार्यक्रम में शाह ने 100 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, ÷आज भारत सीमाओं पर सिर्फ रक्षात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक है। उरी और पुलवामा के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई से आतंक के ठिकानों को जड़ से खत्म किया है।



### '2047 तक सहकार में नंबर-1 बनेगा राजस्थान'

कार्यक्रम के अंत में शाह ने राजस्थान की जनता को आश्वस्त किया कि ÷2047 तक भारत जब स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएगा, तब तक राजस्थान सहकारिता में देश का अग्रणी राज्य बन चुका होगा।

# बिजौलिया में विद्युत कनेक्शन कटने पर बवाल

## जेईएन को दी धमकी, पिता-पुत्र पर केस; विद्युतकर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

कस्बे में बकाया बिल को लेकर विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई के बाद गुरुवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। अजमेर विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) हेमेन्द्र नावर की शिकायत पर कस्बावासी हिमांशु और उनके पिता ऋतुराज के खिलाफ पुलिस थाने में राजकार्य में बाधा, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

जेईएन नावर ने बताया कि निगम की ओर से 16 जुलाई से 18 जुलाई तक विशेष बकाया वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार शाम टेक्नीशियन राकेश बैरवा ने मेसर्स साँवरिया प्रोपराईटर दिव्या पत्नी हिमांशु के नाम पंजीकृत कनेक्शन को ?14,485 की बकाया राशि के चलते काटा गया था।

इसके बाद हिमांशु ने कनेक्शन दोबारा जोड़ने के लिए पहले टेक्नीशियन और फिर उन्हें फ़ोन कर धमकाया और दबाव बनाया। इस दौरान हिमांशु ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। जेईएन का यह भी आरोप है कि बाद में हिमांशु के पिता ऋतुराज ने भी फोन कर दुर्व्यवहार किया। वही हिमांशु ने विभागीय आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संबंधित बिल की अंतिम तिथि 21 जुलाई थी, ऐसे में 16 जुलाई को कनेक्शन काटना नियमविरुद्ध था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कनेक्शन जोड़ने के एवज में कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की गई। पांडे ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

इस घटना से आक्रोशित होकर विधुत विभाग के बिजौलिया, मांडलगढ़ और बीगोद क्षेत्र के जेईएन व तकनीकी स्टाफ ने कार्य बहिष्कार कर दिया। कर्मचारियों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि जेईएन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।



# सांवलिया सेठ दर्शन जा रहे पांच श्रद्धालुओं की कार पलटी, चार की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर

जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर मांगलियावास के लामाना कट के पास बुधवार रात को भीषण हादसा हो गया। सांवलिया सेठ के दर्शन को निकले श्रद्धालुओं की कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई और रॉन्ग साइड जाकर एक अन्य वाहन से भिड़ गई।

हादसे में चौसला डीडवाना गांव के सूरज पुत्र मोहनलाल, बजरंगलाल पुत्र रामलाल, प्रेमचंद पुत्र बोदूराम प्रजापत और कमलेश पुत्र भंवरलाल यादव की मौत हो गई। वही विमलेश गंभीर रूप से घायल है , जिसका जेएलएन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया की हादसे के वक्त कार तेज रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर पलटी। मौके पर पहुँच पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।



# राजस्थान वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना: आज से आवेदन शुरू, एसी ट्रेन व प्लेन यात्रा का मिलेगा लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुक्रवार से शुरू हो जाएंगे। देवस्थान विभाग की इस योजना में 60 वर्ष से अधिक आयु के 50 हजार बुजुर्गों को एसी ट्रेन और 6 हजार को हवाई मार्ग से धार्मिक स्थलों की यात्रा कराई जाएगी। जानकारी के अनुसार सीएम भजनलाल शर्मा की पहल पर इस बार पूरी ट्रेन एसी रहेगी। 11 डिब्बों को राजस्थानी संस्कृति पर आधारित थीम से सजाया गया है। ढेहर के बालाजी स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी। इस बार रामेश्वरम्, स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) के अलावा वाघा बॉर्डर व राष्ट्रीय महत्व के स्थलों को भी शामिल किया गया है। सिख समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों के लिए पटना साहिब और नांदेड़ साहिब की यात्रा भी प्रस्तावित है।

आवेदन के लिए राजस्थान मूल निवासी होना और इनकम टैक्सदाता न होना अनिवार्य है। आखिरी तिथि 10 अगस्त 2025 तय की गई है।




# अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़, 8 महिलाएं और 2 युवक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ दौसा

आगरा रोड स्थित श्रीराम टिक्कड़ हाउस परिसर में अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 8 महिलाओं और 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई डिप्टी एसपी रवि प्रकाश शर्मा के निर्देशन में की गई। पुलिस ने बोगस ग्राहक भेजकर पुष्टि के बाद दबिश दी। गिरफ्तार महिलाएं हरियाणा, यूपी, एमपी और राजस्थान की रहने वाली हैं। मौके से 10 मोबाइल और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। आरोपियों पर पीटा एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, ग्राहकों से 500 से 1000 रुपए तक वसूले जाते थे, जिनमें से दलाल को कमीशन मिलता था। होटल संचालक पृथ्वी रतन शर्मा और दलाल सतीश महावर फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।



C M Y K

## टैक्स मंत्रा

### करदाताओं के लिए चेतावनीः फर्जी कटौतियों पर आयकर विभाग की कड़ी नजर

आयकर विभाग ने फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए कर कटौतियों के मामलों पर जांच तेज कर दी है। हाल ही में विभाग को ऐसे कई रिटर्न्स में अनियमितताएं मिली हैं, जिनमें करदाता धारा 80C, 80D, HRA, 80GGC/80GGB (राजनीतिक दान) जैसी कटौतियों का दुरुपयोग करते पाए गए। इस पर विभाग अब सख्त कार्रवाई कर रहा है।

**सावधान रहें-**

यदि आपने अपात्र या फर्जी कटौती का दावा किया है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं-

- सघन जांच (Scrutiny)
- भारी जुर्माना
- गंभीर मामलों में आपराधिक कार्रवाई

**विशेष ध्यान दें-**

- धारा 80GGC (व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक दलों को दान) और धारा 80GGB (कंपनियों द्वारा राजनीतिक दलों को दान) के अंतर्गत केवल चेक, बैंक ट्रांसफर या डिजिटल भुगतान ही मान्य हैं।
- नकद में दिया गया दान पूरी तरह अमान्य है और उस पर कोई कर छूट नहीं मिलती।
- फर्जी रसीदें या बिना वास्तविक भुगतान के कटौती दिखाना गंभीर अपराध है।

**करदाताओं के लिए सुझाव-**

- केवल वास्तविक निवेश/दान और प्रमाणित दस्तावेज़ों के आधार पर ही रिटर्न दाखिल करें।
- रिफंड बढ़ाने का लालच देने वाले अनधिकृत एजेंटों से सतर्क रहें।
- किसी भी शंका में पंजीकृत कर सलाहकार (CA या अधिवक्ता) से परामर्श अवश्य लें।

**ध्यान रखें-**

फर्जी कटौतियाँ दिखाना केवल टैक्स चोरी नहीं, बल्कि यह कानूनी अपराध है, जो आपके भविष्य को प्रभावित कर सकता है।
ईमानदारी से टैक्स भरें - देश और अपने भविष्य के लिए।

*यह लेख कर सलाहकार एडवोकेट अभिषेक कुमार जैन द्वारा लिखा गया है। जैन एक अनुभवी कर विशेषज्ञ हैं, जिन्हें 20 वर्षों का आयकर एवं वित्तीय कानूनों में अनुभव प्राप्त है। वे व्यक्तियों और कंपनियों को टैक्स नियोजन, जांच, अपील एवं अनुपालन मामलों में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।*



- अभिषेक कुमार जैन
कर सलाहकार ,एडवोकेट ईमेल: Abhijohn1987@gmail.com

# बिजौलिया को फिर से ग्राम पंचायत बनाने की मांग तेज, सैकड़ों महिलाओं ने निकाली रैली

## नगर पालिका बनने से 2500 श्रमिकों का छिना रोजगार, भुखमरी की स्थिति

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

नगर पालिका क्षेत्र घोषित होने के बाद बेरोजगारी से जूझ रहे करीब 2500 श्रमिकों ने गुरुवार को बिजौलिया को पुनः ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। पंचायत चौक से उपखंड कार्यालय तक ग्रामीणों ने ÷नगरपालिका हटाओ, बिजौलिया बचाओ÷ के नारे लगाते हुए पैदल रैली निकाली। सैकड़ों महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को यूडीएच मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि बिजौलिया को नगर पालिका घोषित किए जाने से पहले वे मनरेगा के तहत नियमित रूप से मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। लेकिन अब उन्हें न तो मनरेगा में काम मिल रहा है और न ही कोई वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रमिक परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।



ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी दो बार जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। ईओ से भी मुलाकात कर रोजगार दिलाने की मांग की गई थी, जिन्होंने 15 दिन में समाधान का भरोसा दिलाया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मांग की कि बिजौलिया को पुनः ग्राम पंचायत घोषित किया जाए, ताकि उन्हें फिर से मनरेगा के तहत रोजगार मिल सके और उनके परिवारों का जीवन-यापन सुचारु रूप से चल सके।

# शिवभक्ति से गूंजेगा भीलवाड़ा, 20 जुलाई को निकलेगी भव्य कावड़ यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्रावण मास के पावन अवसर पर भीलवाड़ा शहर शिवभक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति के तत्वावधान में 20 जुलाई, रविवार को भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा सुबह 8ः15 बजे गांधीनगर स्थित निंबार्क आश्रम से शुरू होकर हरणी महादेव मंदिर में सम्पन्न होगी, जहां भजन-कीर्तन, आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि यह आयोजन महंत श्री श्री 108 मोहन शरण महाराज के सान्निध्य में होगा। यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने जल सेवा, स्वास्थ्य सुविधा, ढोल-नगाड़े, संगीत दल और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।




विशेष बात यह रहेगी कि श्रद्धालु सिर पर पवित्र गंगाजल लेकर ÷बोल बम÷ के जयघोष के साथ कावड़ यात्रा में शामिल होंगे। मार्ग में फूल वर्षा, तोरण द्वार, स्वागत पंडाल और भजन मंडलियों के माध्यम से शिवभक्तों का स्वागत किया जाएगा।

समिति अध्यक्ष अरुण राय ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से परिवार सहित इस पावन आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आत्मशुद्धि का प्रतीक बताया।

डॉ. अशोक सिंह, ओमप्रकाश सिंह, कृष्णा महतो सहित अन्य पदाधिकारी भी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं, शहर के मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं और बाजारों में कावड़, भगवा वस्त्र और माला की खरीदारी जोरों पर है।

## हरिशेवा धाम ने गौसेवा के लिए 1.01 लाख की सहायता राशि दी

# गौ सेवा मित्र मंडल को दो चरणों में सहयोग, घायल गायों के उपचार में होगा उपयोग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

हरिशेवा धाम उदासीन आश्रम एवं इससे जुड़े संस्थानों द्वारा गौसेवा को प्रोत्साहन देने हेतु श्री गौ सेवा मित्र मंडल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट को दो चरणों में 1,01,000 की सहयोग राशि प्रदान की गई।

15 जुलाई को हरिशेवा धर्मशाला की ओर से महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन द्वारा ?51,000 का चेक भेंट किया गया, जबकि 17 जुलाई को ट्रस्ट की ओर से 50,000 की राशि सौंपी गई।



हरिशेवा धाम में आयोजित कार्यक्रम में संत समाज, गौभक्त व समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्वामी हंसराम ने कहा कि ÷गौसेवा करना ही सच्चे धर्म का पालन है। आश्रम सदैव ऐसे पुण्य कार्यों में सहभागी रहेगा।

गौ सेवा मित्र मंडल इस सहयोग राशि से घायल व बीमार गौवंश के उपचार, आहार और दवाइयों की व्यवस्था करेगा। संस्था ने अब तक सैकड़ों गौवंश का रेस्क्यू कर उपचार किया है।

# लक्ष्मी निवास में पेयजल संकट, ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

## 2000 वसूलने और शुद्ध पानी नहीं मिलने पर जताया विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

लक्ष्मी निवास के ग्रामीणों ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर चंबल परियोजना के तहत पेयजल कनेक्शन के नाम पर लिए गए 2000 लौटाने और शुद्ध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि चंबल पाइपलाइन से जलापूर्ति के लिए कई लोगों से ?2000 प्रति कनेक्शन लिए गए, जबकि कुछ लोगों से यह राशि नहीं ली गई। यह चयनित तरीके से की गई वसूली ग्रामीणों को अनुचित प्रतीत हो रही है। इसके अलावा, पाइपलाइन बिछने के बावजूद अब तक शुद्ध जल की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार जलदाय विभाग को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने वसूली गई राशि ब्याज सहित लौटाने और जल्द से जल्द स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था किए जाने की मांग की।

इस दौरान भगवानलाल धाकड़, सुगनलाल, मुकेश धाकड़, मोहनलाल, बद्रीलाल, शंकरलाल, शंभूलाल, नरेश कुमार, राकेश, सुनील सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ



## QUICK BITES

## एबीवीपी की नगर कार्यकारिणी की घोषणा , पूजा जोशी नगर अध्यक्ष



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई की बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन की नई नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक भावेश छिपा ने की। घोषणा के अनुसार पूजा जोशी को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि दीपांशु चितोड़ा को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा प्रियांशी वैष्णव और हरिओम सेन को सहमंत्री बनाया गया है। गोपाल भट्ट को सोशल मीडिया प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। कार्यकारिणी की घोषणा के समय भाग प्रमुख हिमांशु लक्षकार, पूर्व नगर मंत्री अजय सांखला, नगर कार्यकारिणी सदस्य नीलेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर निगम का आयोजनः तीन वार्डों में सहस्त्रधारा अभिषेक, उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



श्रावण मास में नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 70 वार्ड, 70 मंदिर, 70 अभिषेक कार्यक्रम के तहत गुरुवार को वार्ड 64, 41 और 37 में सहस्त्रधारा अभिषेक आयोजन संपन्न हुआ।

वार्ड 64 स्थित बायोस्कोप के पास शिव मंदिर, वार्ड 41 के पीपलेश्वर महादेव मंदिर और वार्ड 37 के माणिक्यनगर शिव मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक विधि से पूजन-अभिषेक हुआ। आयोजन में पार्षदों सहित श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

अभिषेक के दौरान भाजपा जिलामंत्री सुरेन्द्र सिंह मोटरास, ऋतु शेखर शर्मा, अनिल कोठारी, गजेंद्र सिंह, सत्यनारायण गुर्जर, सागर माली, मोहिनी माली सहित कई गणमान्य और वार्डवासी उपस्थित रहे।

## नकली खोपरा पावडर का पर्दाफाश , दो प्रतिष्ठानों पर पुलिस का छापा, बड़ी मात्रा में नकली माल जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




शहर के बाजार नंबर-2 स्थित दो प्रतिष्ठानों पर कोतवाली थाना पुलिस ने नकली खोपरा पावडर बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ऋषभ ट्रेडिंग और जेके एंटरप्राइज पर दबिश देकर 'मंगल ब्रांड' के नाम से बेचा जा रहा नकली खोपरा पावडर जब्त किया है।

यह कार्रवाई चंडीगढ़ स्थित स्पीड सर्च एंड सिक्योरिटी नेटवर्क प्रा. लि. के प्रतिनिधि मुकेश मिश्रा की शिकायत पर की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ये प्रतिष्ठान ब्रांडेड उत्पादों के नाम पर नकली माल बाजार में उतार रहे हैं, जिससे उपभोक्ता को धोखा मिल रहा है और ब्रांड की साख को नुकसान पहुंच रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों दुकानों पर छापा मारा और हजारों रुपये मूल्य का माल जब्त किया। फिलहाल पुलिस नकली माल की आपूर्ति की जड़ तक पहुंचने के लिए जांच में जुटी हुई है, और यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह माल कहां से लाया गया और किन-किन स्थानों पर वितरित किया गया।

# संगम समूह की पहलः भीलवाड़ा होगा हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त - धनेतवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेतवाल ने कहा कि हरियाली बढ़ाना और प्रदूषण कम करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संगम उद्योग समूह की अनूठी पहल से भीलवाड़ा निश्चित रूप से हरा-भरा बनेगा। वे गुरुवार को सोनी अस्पताल परिसर में 1 लाख पौधे एवं 5 हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान के दूसरे दिन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि अब तक 9500 पौधे और 482 ट्री गार्ड वितरित किए जा चुके हैं। वितरण में फलदार, फूलदार, छायादार सहित 40 प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। ट्री गार्ड प्रभारी हिम्मत पारीक ने बताया कि फॉर्म भरने वालों को दूरभाष से सूचना देकर वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ धनेतवाल द्वारा अनिल सोनी, महेश सिंह, रोहिताश सिंह, श्वेता दाधीच, कृतिका सोमावत सहित अन्य लोगों को पौधे व ट्री गार्ड देकर किया गया। इस अवसर पर श्याम बिड़ला, सत्यनारायण व्यास व दाताराम वर्मा का सहयोग रहा। संगम समूह के चेयरमैन रामपाल सोनी ने शहरवासियों से अधिक से अधिक पौधे लेकर भीलवाड़ा को हराभरा बनाने की अपील की है।




# भीलवाड़ा में सहकार एवं रोजगार उत्सव में 150 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत जयपुर के दादिया ग्राम से आयोजित राज्य स्तरीय सहकार एवं रोजगार उत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गुरुवार को नगर निगम सभागार, भीलवाड़ा में हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल रूप से जुड़े। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने विभिन्न विभागों में चयनित 150 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 6 किसानों को 1-1 लाख रुपये के ब्याज मुक्त ऋण चैक भी वितरित किए गए। आईटी विभाग के 54, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 40, आयुर्वेद विभाग के 22, कॉलेज शिक्षा विभाग के 10, पुलिस, पीएचईडी, सहकारिता व सांख्यिकी विभाग के चयनित अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडीएम प्रतिभा देवठिया, सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के एमडी आलोक चौधरी, सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी सहित कई अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।



# मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण को लेकर जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

## हर मतदाता का होगा भौतिक सत्यापन- जिला निर्वाचन अधिकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

आगामी फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को जिला कलक्टर जसमींत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता और अद्यतनता के लिए प्रत्येक बूथ पर हर मतदाता का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बीएलए-2 की नियुक्ति पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्य पारदर्शी और गुणवत्ता आधारित होना चाहिए। बीएलए-2 स्थानीय, क्षेत्र को जानने वाला एवं जिम्मेदार होना चाहिए। बैठक में बीएलए-1 व बीएलए-2 की नियुक्ति प्रक्रिया, प्रशिक्षण, व मतदाता सूची अद्यतन से जुड़े प्रपत्रों की जानकारी दी गई। सभी दलों से समय पर अपने बीएलए-2 की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। बैठक में एडीएम प्रतिभा देवठिया सहित भाजपा, कांग्रेस, सीपीएम, आम आदमी पार्टी और बसपा के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# भक्तामर स्रोत आराधना में उमड़े श्रद्धालु, आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री सुभाषनगर श्रीसंघ द्वारा आयोजित साप्ताहिक भक्तामर स्रोत अनुष्ठान में गुरुवार को महासाध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. के सानिध्य में हजारों श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। आयोजन में भक्तामर स्रोत के 21वें श्लोक का जाप किया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।

महासाध्वी ने कहा कि भक्तामर स्रोत कलयुग का कल्पवृक्ष है, इसके जाप से तनाव कम होता है और पारिवारिक सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह मंत्र साधना जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाती है और कर्म निर्जरा का मार्ग प्रशस्त करती है।

अनुष्ठान की शुरुआत में व्रज पंज्जर स्तोत्र की आराधना हुई। कार्यक्रम में साध्वी महाप्रज्ञा म.सा., साध्वी पद्मकीर्ति म.सा. व साध्वी राजकीर्ति म.सा. का भी सानिध्य रहा।

लाभार्थी परिवारों में बाबेल, सिंघवी, नाहर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि बबलु रांका (करेड़ा) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर थे। अतिथियों का स्वागत चातुर्मास समिति व श्रीसंघ पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

भीलवाड़ा सहित चित्तौड़गढ़, बिजयनगर, गुलाबपुरा, गंगापुर आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पांडाल छोटा पड़ गया और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से जहां स्थान मिला वहां बैठकर आराधना की।

सुश्रवाक सिद्धार्थ डांगी ने छह उपवास के प्रतिकल्प लिए, जबकि तेला तप की लड़ी भी जारी है। कार्यक्रम संचालन राजेन्द्र सुराना ने



# भोपालगंज माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा पूल पार्टी के अंतर्गत तैराकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

रंग बदलते मौसम का आनंद लेने के लिए भोपालगंज माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष कल्पना सोमानी एवं सचिव सुमन सोमानी के नेतृत्व मे एक निजी फ़ार्म हाउस पर पूल पार्टी व पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल की सदस्यों ने खूब बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों और अल्पाहार का आनंद लिया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने तरह-तरह के गेम्स खेलकर मौज



मस्ती के साथ समय बिताया और जमकर इंजॉय किया। तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा बाहेती, द्वितीय स्थान सुनीता सोमानी, तृतीय स्थान सीमा गुप्ता ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में महेश नवमी पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपालगंज महिला क्रिकेट टीम द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर भोपालगंज महिला मंडल द्वारा 2100 रूप्ये का पुरस्कार टीम को प्रदान किया गया है। इस दौरान लीला सोमानी, शीतल जागेटिया आशा देवपुरा सहित कई सदस्याए उपस्थिति रही।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024: भीलवाड़ा ने लगाई लंबी छलांग, प्रदेश में तीसरे और देश में 53वें स्थान पर पहुंचा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

**डॉ. चेतन ठठेरा**

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इन नतीजों में भीलवाड़ा नगर निगम ने प्रदेश में तीसरा और देशभर में 53वां स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। अजमेर, कोटा, जोधपुर, अलवर जैसे बड़े शहरों को पछाड़कर भीलवाड़ा ने अजमेर संभाग में पहला स्थान प्राप्त किया है।




## 2023 में 328वीं रैंक से 2024 में 53वीं रैंक पर छलांग

पिछले वर्ष भीलवाड़ा की राष्ट्रीय रैंकिंग 328 थी, जिसे सुधारते हुए इस बार नगर निगम ने 275 स्थानों की छलांग लगाकर 53वीं रैंक हासिल की है। साथ ही ODF++ (Open Defecation Free++) का दर्जा भी पहली बार भीलवाड़ा को मिला है।

## जहां भीलवाड़ा आगे रहा

- कचरा उत्पादन व प्रोसेसिंगः 99%
- डंपसाइट हटानाः 87%
- आवासीय क्षेत्रों में सफाईः 100%
- बाजार क्षेत्रों में सफाईः 100%
- जिलों की समग्र सफाईः 100%

## जहां सुधार की जरूरत

- सार्वजनिक शौचालय की सफाईः 13त्र
- कचरे का स्रोत पर अलगाव- 19%
- डोर टू डोर संग्रहणः 61%

## भीलवाड़ा की रैंकिंग (पिछले वर्षों में)

| वर्ष | राज्य रैंक | राष्ट्रीय रैंक |
|---|---|---|
| 2020 | 15वीं | 287वीं |
| 2021 | 10वीं | 273वीं |
| 2022 | 14वीं | 268वीं |
| 2023 | 15वीं | 328वीं |

## कैसे मिली भीलवाड़ा को यह सफलता?

नगर निगम द्वारा वर्षभर की गई विभिन्न गतिविधियां इस उपलब्धि में सहायक रहीं:

- नुक्कड़ नाटक, स्कूल-अभियान, स्वच्छता चौपाल जैसी गतिविधियाँ
- लीगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) का निस्तारण
- वेस्ट-टू-वंडर पार्क का निर्माण
- सुलभ इंटरनेशनल के साथ सार्वजनिक शौचालय सफाई अनुबंध
- रात्रिकालीन सफाई अभियान प्रमुख मार्गों पर
- सौंदर्यीकरण के लिए चित्र, टेराकोटा रंग और मांडने

## सर्वे रिपोर्ट कार्ड - भीलवाड़ा का प्रदर्शन

| मापदंड | प्राप्तांक |
|---|---|
| कुल संभावित अंक | 12,500 |
| भीलवाड़ा को प्राप्त | 7,988 |
| प्रमाण पत्र आधारित अंक 2,500 में से | 1,000 |

## जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

महापौर राकेश पाठक और आयुक्त हेमाराम चौधरी ने भीलवाड़ा की जनता, सफाईकर्मियों और नगर निगम टीम को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आगामी वर्षों में और बेहतर प्रदर्शन का विश्वास दिलाया।

# एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत न्यायालय परिसर में किया पौधरोपण



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

अभिभाषक परिषद द्वारा गुरुवार को एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिविल न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान क्रंज, तुलसी, पत्थरचट्टा, एलोवेरा, चमेली, जामुन, आंवला सहित कई औषधीय पौधे लगाए गए। अभियान के तहत परिषद ने संकल्प लिया कि अब हर अधिवक्ता के जन्मदिन पर पौधा लगाया जाएगा। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ व्यक्तिगत जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करेगी।

पौधरोपण कार्यक्रम में एपीपी रिपेंद्र चौबे, दिनेश सेठिया, ब्रह्म प्रकाश तिवाड़ी, अनिल कुमार धाकड़, घनश्याम धाकड़, पंकज धाकड़, नरेश सिंह तंवर, मनीष धाकड़, हितेश धाभाई, सुनील स्वर्णकार, प्रदीप कुमार शर्मा और मनोज यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लक्ष्मीखेड़ा में जलजमाव बना बीमारी का कारण, नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

( मानव तिवाड़ी ) ग्राम पंचायत लक्ष्मीखेड़ा में आम रास्ते के दोनों ओर नाली निर्माण नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर भर जाता है। यह जलजमाव बारिश के पूरे मौसम में बना रहता है, जिससे मच्छरों और कीड़ों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे आसपास के घरों में रहने वाले लोगों के लिए बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है।

स्थानीय ग्रामीण अमित धाकड़ ने बताया कि जलभराव के कारण इस रास्ते से आवागमन करना भी मुश्किल हो गया है। कीचड़ और फिसलन के चलते रोजाना ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। धाकड़ ने बताया की सड़क इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई



नहीं हुई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नाली निर्माण करवाने और जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है।

## QUICK BITES

# विकलांग महिला से बरामदे में सोते वक्त गहने चोरी, चोर सीसीटीवी में हुए क़ैद

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



कस्बे के तेलीखेड़ा गांव में बुधवार रात चोरों ने एक विकलांग वृद्धा को निशाना बनाते हुए उसके गहने चुरा लिए। तीन अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और बरामदे में सो रही महिला के गले से सोने के रामनवमी मादलिये और कान के टॉप्स चोरी कर ले गए।

पीड़ित महिला के पुत्र घनश्याम तेली ने बताया कि उसकी मां काली देवी एक पैर से विकलांग हैं और रोज़ की तरह बरामदे में सो रही थीं। चोरों ने पहले मकान का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और फिर गहने चोरी किए। कान के एक टॉप्स को खोलते समय महिला की नींद खुल गई। महिला के चिल्लाने पर चोरों से छीना-झपटी हुई, लेकिन एक टॉप्स लेकर वे मौके से फरार हो गए। सूचना पर कोटड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। मकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्ध चोर कैद हुए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लोडर की बूम बिजली लाइन से टकराई, करंट लगने से युवक की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



चंपापुर गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक लोडर वाहन पर हेल्पर के रूप में काम कर रहा था। हादसा उस समय हुआ जब लोडर की बूम ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से टच हो गई, जिससे तेज करंट का झटका लगते ही युवक मौके पर ही ढेर हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने घायल युवक को तुरंत बिजौलिया उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। हेड कांस्टेबल हरी सिंह ने बताया कि मृतक चंपापुर निवासी अमित पुत्र कालू बंजारा था, जो लोडर पर हेल्पर के तौर पर कार्य कर रहा था। काम के दौरान अचानक लोडर की बूम बिजली के तार से छू गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# विधायक के गृह क्षेत्र की अनसुनी पीड़ाः होड़ा गांव के ग्रामीण आज भी अंतिम संस्कार के लिए तीन किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़

स्थानीय विधायक गोपाललाल शर्मा के गृह क्षेत्र होड़ा ग्राम पंचायत के ग्रामीण आज भी आधुनिकता के इस दौर में बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। यहां किसी व्यक्ति के निधन पर शव को पारंपरिक रूप से अंतिम संस्कार के लिए तीन किलोमीटर दूर त्रिवेणी संगम नदी तक पैदल ले जाना पड़ता है।

बरसों पुरानी इस परंपरा ने अब ग्रामीणों के लिए एक बड़ी परेशानी का रूप ले लिया है। गर्मी, सर्दी या बारिश–हर मौसम में यह लंबा रास्ता शव यात्रा को अत्यंत कठिन बना देता है। खासकर बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह स्थिति बेहद तकलीफदेह होती है।

गांव में आज भी मोक्षधाम तक शव वाहन की सुविधा नहीं है। ग्रामवासियों का कहना है कि अब समय के साथ परिस्थितियां बदल गई हैं, ऐसे में गांव में शव वाहन की सुविधा होना जरूरी हो गया है ताकि अंतिम यात्रा सम्मानजनक और सहज हो सके।

गांव के पूर्व सरपंच रामसिंह जोशी, जदावचंद्र मेवाड़ा सहित कई ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से अपील की है कि वे विधायक निधि से एक शव वाहन की व्यवस्था कर इस बुनियादी जरूरत को पूरा करें।

# स्वाधीनता दिवस को समारोह पूर्वक मनाये जाने के लिए बैठक 22 को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला स्तरीय स्वाधीनता दिवस, 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व को समारोहपूर्वक मनाये जाने के लिए मुख्य समारोह की व्यवस्था एवं कार्यक्रमो के निर्धारण के लिये 22 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी । इसमें कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890